

# फिर हॉलीवुड में तहलका मचाने के लिए तैयार है तब्बू

बालीवुड अभिनेत्री तब्बू एक बार फिर हॉलीवुड में तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। बालीवुड के साथ ही उन्होंने कई इंटरनेशनल मूवीज में अपनी काबिलियत साबित की है। एक्ट्रेस तब्बू को लाइफ ऑफ पाई, ए सूटेबल ब्वॉय और द नेमसेक में देखा गया था।
अब वह अपने दमदार किरदार के साथ वेब सीरीज ड्यून प्रोफेसी में नजर आने वाली हैं। वेब सीरीज ड्यून प्रोफेसी के दूसरे टीजर से अभिनेत्री का पहला लुक रिवील हुआ है। उनका पावरफुल लुक सभी के दिलों में छा गया। जिसे देख फैंस अपनी एक्साइटमेंट कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं। इस से पहले मई के महीने में ड्यून प्रोफेसी का पहला टीजर रिलीज हुआ था, जिसमें लोग तब्बू को ढूंढ रहे थे। अब आखिरकार सीरीज का दूसरा टीजर रिलीज़ हुआ और तब्बू काले कपड़ों में जबरदस्त लुक में नज़र आ रही हैं इस वेब सीरीज ड्यून प्रोफेसी में बेने गेसेरिट सिस्टरहुड की शुरुआत को दिखाया जाएगा। इसमें दिखाया जाएगा कि 10 हजार पहले क्या हुआ था। तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का का किरदार निभाती दिखाई देंगी। हजारों साल पहले की कहानी बयां करती नजर आएगी। टीजर में एमिली वॉटसन का किरदार वाल्या हार्कोनेन कहता है, बलिदान तो करना ही होगा। वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे बेने गेसेरिट अपनी बहनों को शक्ति का प्रयोग करने और अपने दिमाग पर पूरा नियंत्रण रखने के लिए प्रशिक्षित करती हैं। तब्बू की बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में महान योगदान को देखते हुए, उनकी आगामी वेब सीरीज ड्यून प्रोफेसी में उनके अभिनय का प्रदर्शन एक बड़ी बात है।


## मेंहदी से जेनेलिया ने किया अपने परिवार के प्रति प्यार का इजहार



हाल ही में हाथ पर मेंहदी से टेटू बनवाकर एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा ने अपने परिवार के प्रति प्यार का इजहार किया। उनके हाथ में मेंहदी से तीन आर लिखा हुआ है। इन तीन आर का मतलब पति रितेश देशमुख और उनके दो बेटों रियान और राहिल है। इस तस्वीर में वह कहीं दूर देखती नजर आ रही हैं। उन्होंने गाल पर अपना हाथ रखा हुआ है और तीन आर वाला मेंहदी टेटू फ्लॉन्ट कर रही हैं। टेटू के साथ हार्टबीट लाइन भी है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, जेनेलिया अपनी अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर की तैयारी कर रही हैं, इसमें आमिर खान और दर्शील सफारी भी हैं। इसके अलावा, उनके पास एक तेलुगु फिल्म जूनियर भी है। जेनेलिया जैसी हंसमुख और चुलबुली हैं उतनी ही संवेदनशील भी उनका अनूठा अंदाजा फैंस को काफी पसंद भी है। अनूठा उनका नाम भी और इस नाम के पीछे एक दिलचस्प किस्सा है। दरअसल, जेनेलिया की मां का नाम जेनेट और उनके पिता का नाम नील है। माता-पिता के नाम को मिलाकर उनका नाम जेनेलिया रखा गया। एक्ट्रेस नेशनल लेवल फुटबॉल प्लेयर रह चुकी हैं। उन्होंने अपना करियर बतौर मॉडल शुरु किया था और सबसे पहले एक कमर्शियल एड में अमिताभ बच्चन के साथ नजर आई थीं। फिल्मी करियर रितेश के साथ तुझे मेरी कसम से शुरू किया। कॉलेज स्टूडेंट्स पर आधारित मूवी को लोगों ने काफी पसंद किया। इसके बाद उन्हें साउथ इंडस्ट्री से फिल्मों के ऑफर आने शुरू हो गए। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मराठी और मलयालम फिल्मों में भी काम किया है। बता दें कि जेनेलिया और रितेश की शादी को 12 साल हो चुके हैं। दोनों ने एक-दूसरे को नौ साल तक डेट किया और 3 फरवरी 2012 को शादी की। उन्होंने पहले पारंपरिक मराठी रीति रिवाज से और फिर ईसाई रीति-रिवाज से शादी की। इस कपल ने शादी के दो साल बाद 2014 में अपने पहले बेटे रियान का स्वागत किया और 2016 में बेटे राहिल का जन्म हुआ।

## राम चरण को राजदूत गेस्ट घोषित किया

बालीवुड फिल्म आरआरआर एक्टर राम चरण को मेलबर्न के भारतीय फिल्म फेस्टिवल में भारतीय कला और संस्कृति के राजदूत के सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। ये सम्मान पाने वाले राम चरण पहले भारतीय हैं। राज्य सरकार द्वारा हर साल आयोजित किया जाने वाला भारतीय फिल्म फेस्टिवल मेलबोर्न विक्टोरियन आधिकारिक फिल्म महोत्सव है। इस साल यह 15-24 अगस्त तक चलेगा। भारतीय फिल्म फेस्टिवल मेलबोर्न ने इस बार राम चरण को राजदूत गेस्ट घोषित किया है। एक्टर को इंडियन सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारतीय कला और संस्कृति के राजदूत से सम्मानित किया जाएगा। राम चरण की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। इस फिल्म के हिट गाने नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर मिला। फेस्टिवल में हिस्सा लेने को लेकर राम चरण ने उत्साह जताते हुए कहा- मैं मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव का हिस्सा बनकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सिनेमा की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाता है। हमारे फिल्म उद्योग का प्रतिनिधित्व करना और दुनिया भर के प्रशंसकों और सिनेप्रेमियों से जुड़ना सौभाग्य की बात है।



## एकसाथ दो फिल्मों का रिलीज होना अवास्तविक: अभिषेक बनर्जी

बालीवुड एक्टर अभिषेक बनर्जी की दो फिल्में स्त्री 2 और वेदा एक ही दिन यानी 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है। एक्टर ने कहा, एक ही दिन दो फिल्मों का रिलीज होना अवास्तविक लगता है। यह बॉक्स ऑफिस पर खुद से क्लैश जैसा है!
एक्टर ने कहा कि वह यह नहीं चुन सकते कि कौन सी फिल्म उनके दिल के ज्यादा करीब है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं चुन सकता कि कौन सी फिल्म मेरे दिल के ज्यादा करीब है, क्योंकि यह अपने पसंदीदा बच्चे को चुनने या यह तय करने जैसा है कि आप मम्मी या पापा में से ज्यादा किससे प्यार करते हैं। लेकिन मैं यह कह सकता हू कि यह मेरे फैंस के लिए एक ही दिन में मेरे दो अलग-अलग पहलुओं को देखने का एक शानदार अवसर है। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर स्त्री 2 एक हॉरर कॉमेडी है, जबकि जॉन अब्राहम स्टारर वेदा एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर है। अभिषेक के बारे में बात करें तो उनका जन्म 5 मई 1985 को पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में हुआ, लेकिन पढ़ाई दिल्ली से हुई। उन्होंने दिल्ली के केंद्रीय विद्यालय, एंड्रयूज गंज से स्कूलिंग की। स्कूल के दिनों में वह डीडी के शो भी करते थे। इसके अलावा दिल्ली में थिएटर भी करते थे। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत आमिर खान स्टारर फिल्म रंग दे बसंती से की। एक्टर के अलावा, वह कास्टिंग डायरेक्टर भी हैं। उन्होंने नॉक आउट, द डर्टी पिक्चर, नो वन किल्ड जेसिका, बजाते रहो, डियर डैड दो लफ्जों की कहानी, रॉक ऑन 2, उमरिका, गब्बर इज बैक, कलंक, ओके जानू, टॉयलेट-एक प्रेम कथा, सीक्रेट सुपरस्टार और मिकी वायरस में बतौर कास्टिंग डायरेक्टर काम किया। उन्होंने फिल्लौरी, अज्जी, स्त्री, अर्जुन पटियाला, ड्रीम गर्ल, बाला, मेड इन चाइना, अपूर्वा और भेड़िया जैसी कई फिल्मों में एक्टिंग की। उन्होंने मिर्जापुर, पाताल लोक, राणा नायडू, काली, टाइपराइटर, आखिरी सच जैसी सीरीज में भी काम किया। अब उनकी फिल्म वेदा और स्त्री 2, जो 2018 की फिल्म स्त्री का सीक्वल है, रिलीज होने वाली है। बता दें कि अभिषेक ने कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से अलग पहचान बनाई है।



## 'आलिया बसु गायब है' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी



रिहैब पिक्चर्स ने 'आलिया बसु गायब है' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है। अभी उपलब्ध फर्स्ट लुक पोस्टर में मुख्य कलाकारों को दिखाया गया है और यह एक रोमांचक थ्रिलर का वादा करता है जो दोषपूर्ण पात्रों और उनकी स्वार्थी इच्छाओं पर आधारित है।
पोस्टर ने तुरंत ध्यान आकर्षित करते हुए इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए एकदम सही मंच तैयार किया है, जिसका ट्रेलर जल्द ही रिलीज होने वाला है। विनय पाठक, राइमा सेन और सलीम दीवान जैसे बेहतरीन कलाकारों से सजी यह फिल्म भारतीय सिनेमा की सबसे ट्विस्टेड और मनोरंजक थ्रिलर बनने जा रही है। निर्माता डॉ. सत्तार दीवान ने अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा, निर्माता और फिल्म निर्माता के रूप में मेरा एकमात्र उद्देश्य दर्शकों का मनोरंजन करना है। आलिया बसु गायब है के साथ मैं बहुमुखी अभिनेत्री राइमा सेन के साथ फिर से जुड़ रहा हूँ, और साथ ही पहली बार ठोस अभिनेता विनय पाठक के साथ भी काम कर रहा हूँ। सलीम दीवान सहित सभी तीन अभिनेताओं ने फिल्म में शानदार काम किया है और हमने लेखक और निर्देशक के साथ मिलकर रिहैब पिक्चर्स में विशेष रूप से बड़े पर्दे के लिए एक रोमांचक अनुभव तैयार किया है जो चौंकाने वाले मोड़ और मोड़ प्रदान करता है। निर्माता जोनू राणा ने इस भावना को दोहराते हुए कहा, हमने आलिया बसु गायब है को दर्शकों के लिए एक मनोरंजक और रोमांचकारी तमाशा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। शानदार कलाकारों के साथ, हम ऐसे ट्विस्ट और टर्न की गारंटी देते हैं जो उम्मीदों से बढ़कर होंगे। निर्देशक प्रीति सिंह, जिन्होंने पहले एक शार्ट फिल्म 'द लवर्स' का निर्देशन किया था, ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'आलिया बसु गायब है' मेरी पहली फीचर फिल्म है जो इसे मेरे लिए एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट बनाती है। एक निर्देशक के रूप में, मैंने हमेशा बड़े पर्दे के दर्शकों के लिए इस तरह की फिल्म बनाने का सपना देखा है। अविश्वसनीय टीम और मुख्य कलाकारों के लिए धन्यवाद, हम आखिरकार इस सीजन की सबसे रोमांचक फिल्म ला रहे हैं। इस फिल्म को जो चीज अलग बनाती है, वह है इसका लेखन, जो वास्तव में इसे साल की 'सबसे रोमांचक फिल्म' बनाता है। मुझे विश्वास है कि दर्शकों को इसे देखने में उतना ही मजा आएगा जितना हमें इसे बनाने में आया।' डॉ. सत्तार दीवान, जोनू राणा और डीजे जावर द्वारा निर्मित और प्रीति सिंह द्वारा निर्देशित, 'आलिया बसु गायब है' 9 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी। बता दें कि पिछले दो सालों में, रोमांटिक ड्रामा और एक्शन से भरपूर फिल्मों ने स्क्रीन पर अपना दबदबा बनाया है, जिससे थ्रिलर के दीवाने और भी रोमांचक अनुभवों की तलाश में हैं। ऐसा लगता है कि उनका इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है।

## फिल्मों से गायब रिया ने खोले पैसे कमाने के राज



अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती एक समय सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में सुर्खियों में रहीं, लेकिन अब उनका अपना एक अलग जहां है। दरअसल रिया चक्रवर्ती अपनी प्रोफेशनल लाइफ से कहीं ज्यादा पर्सनल लाइफ के लिए सुर्खियों बटोरती हैं। इसका खामियाजा उन्होंने साल 2020 में भुगतना पड़ा था। वैसे अब उन्होंने अपनी जिंदगी के कुछ राजों से पर्दा उठाने का काम किया है।
आपको याद ही होगा कि एक्ट्रेस रिया का नाम दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सामने आया था। यह उन दिनों की बात है जबकि रिया सुशांत को डेट कर रही थीं। मौत पर अभिनेता के परिवार वालों ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिस कारण उन्हें जेल तक जाना पड़ा था। कुछ महीने बाद उन्हें जमानत मिली और उसके बाद से वो लगातार अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने की कोशिश में लगी हुई हैं। ऐसे में रिया ने अपना पहला पॉडकास्ट लॉन्च किया जो शनिवार को जारी हुआ है। इसमें अभिनेत्री के साथ सुष्मिता सेन गेस्ट के रूप में नजर आई हैं। इस पॉडकास्ट में रिया ने सुष्मिता सेन से बातचीत करते हुए अपनी जिंदगी के कुछ राज से पर्दा उठाने जैसा काम भी किया है। इनमें से पहला राज खोलने वाला सवाल यह रहा कि अब वो किसी भी फिल्म में काम नहीं कर रही हैं तो फिर क्या कर रही हैं। इस पर रिया कहती हैं कि ठीक है, अब लोग यह जानना चाहते हैं कि मैं इनकम के लिए क्या कर रही हू। मैं फिल्मों में अभिनय नहीं कर रही, मैं अन्य चीजें कर रही हू, मैं मोटिवेशनल स्पीकिंग देती हू और इसी से मैं पैसा कमा लेती हू। रिया ने कहा कि उनके पॉडकास्ट का नाम उनकी जिंदगी से ही प्रेरित है। उन्होंने कहा, कि मेरी जिंदगी के अध्याय एक को तो सभी जानते हैं, या मानता है कि वे इसे जानते हैं। मैं अलग-अलग भावनाओं को महसूस करने, खुद के अलग-अलग संस्करणों में होने और कई चरणों से होकर गुजरी हू। अंतत:, मैं अपने को अधिक, बल्कि एक नए संस्करण, पुनर्जन्म की तरह अब महसूस करती हू। एक्ट्रेस रिया कहती हैं, कि मैं अक्सर कहती हू कि मेरे पास महाशक्ति है। ऐसे में अब कुछ लोग सोच सकते हैं कि यह चुड़ैल तो नहीं है। तो वहीं कुछ को लगेगा की काला जादू करती होगी यह। और कुछ दूसरे लोग सोचेंगे कि यह तो एक मजबूत लड़की है जिसने इसका मुकाबला किया, उसमें साहस था। रिया पूरी भावआओं को समेटे कहती चली जाती हैं, वे महान हैं, जो मुझसे नफरत करते हैं, वो भी ठीक ही हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। रिया कहती है कि अब इन बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन नफरत करता है या कौन प्यार करता है।



## मनोज की क्राइम थ्रिलर फिल्म भैयाजी रिलीज के लिए तैयार

बालीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी की एक और धमाकेदार क्राइम थ्रिलर फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने को तैयार है। अगर आप द फैमिली मैन 3 की रिलीज से पहले एक्टर की कोई शानदार फिल्म देखना चाहते हैं तो आप भैया जी देख सकते हैं। सिनेमाघरों के बाद भैया जी अब ओटीटी पर धूम मचाने वाली है। मनोज बाजपेयी अभिनीत बदला लेने वाली ड्रामा फिल्म भैया जी डिजिटल रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। अभिनेता मनोज बाजपेयी के करियर की मील का पत्थर साबित हुई फिल्म भैया जी 24 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक्शन थ्रिलर उनकी सौवीं फिल्म थी। अब, सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। मनोज बाजपेयी की भैया जी 26 जुलाई को डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार है, जिससे दर्शक अपने घरों में आराम से इसे देख सकते हैं। मनोज बाजपेयी स्टारर भैया जी के ओटीटी प्रीमियर की घोषणा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में, जी5 के हैंडल ने फिल्म का एक ट्रेलर शेयर किया है, जिसमें मनोज बाजपेयी के किरदार भैया जी की दमदार एंट्री देखने को मिलती है और कहानी की एक झलक भी दिखाई जाती है। मनोज बाजपेयी की ये क्राइम थ्रिलर फिल्म दमदार डायलॉग्स और एक्शन सीक्वेंस से भरपूर है। ट्रेलर के साथ-साथ पोस्ट के कैप्शन से पता चला कि फिल्म 26 जुलाई को रिलीज़ होगी। मनोज बाजपेयी की 100वीं फिल्म भैया जी में सुविंदर विक्की, जतिन गोस्वामी, विपिन शर्मा, जोया हुसैन जैसे शानदार स्टार्स भी हैं। फिल्म का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है, जिन्होंने बाजपेयी की 2023 की कोर्ट ड्रामा सिर्फ एक बंदा काफी है का निर्देशन किया था। भैया जी का निर्माण विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, समीक्षा ओसवाल, शैल ओसवाल, शबाना रजा बाजपेयी और विक्रम खाखर द्वारा किया गया है। फिल्म को दीपक किंगरानी ने लिखा है। बता दें कि मनोज बाजपेयी भारतीय हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री के एक जाने-माने अभिनेता हैं। अपनी एक्टिंग से लेकर अलग-अलग किरदार निभाकर लोगों का दिल जीत चुके हैं। मनोज वाजपेयी ने गुलमोहर, सिर्फ एक बंदा काफी है, गैंग्स ऑफ वासेपुर और स्पेशल 26 जैसी हिट फिल्में और वेब सीरीज दी है।

## साउथ फिल्मों में डंका बजता है कॉमेडियन ब्रह्मानंदम

ब्रह्मानंदम एक ऐसे कॉमेडियन हैं, जिनका साउथ फिल्मों में डंका बजता है। कहा जाता है कि जिस फिल्म में भी वह काम करते हैं, उसका हिट होना तय है। ब्रह्मानंदम ने अपने पूरे करियर में तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है। वह एक ऐसे एक्टर हैं, जिन्हें स्क्रीन पर देखते ही ऑडियंस की हंसी छूट जाती है। सोशल मीडिया पर उन पर बने मीम्स वायरल होते रहते हैं। ब्रह्मानंदम इतने पॉपुलर हैं कि साउथ की हर दूसरी या तीसरी फिल्म में नजर आते हैं। साल 1985 में अपने करियर की शुरुआत करने वाले ब्रह्मानंदम सबसे महंगे कॉमेडियंस में से एक हैं। जानकारी के अनुसार, वह एक फिल्म के लिए 1-2 करोड़ रुपये तक की फीस चार्ज करते हैं, भले ही वह कैमियो रोल ही क्यों न हो। ब्रह्मानंदम अपनी यूनीक एक्टिंग दम पर सिर्फ शोहरत ही नहीं बल्कि दौलत भी खूब कमाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रह्मानंदम की नेट वर्थ 500 करोड़ से ज्यादा है। उन्होंने अमीरी के मामले में रणबीर कपूर से लेकर प्रभास को भी पीछे छोड़ दिया है। यहां कि रजनीकांत से भी ज्यादा ब्रह्मानंदम की संपत्ति है। दूसरी तरफ, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की कुल संपत्ति 430 करोड़ रुपये है, जो ब्रह्मानंदम से बहुत कम है। रणबीर कपूर की नेट वर्थ 340 करोड़ रुपये है। वहीं, प्रभास की नेट वर्थ लगभग 300 करोड़ रुपये है। यहां तक कि कपिल शर्मा की 300 करोड़ और जॉनी लीवर की नेट वर्थ 280 करोड़ रुपये है जो कि ब्रह्मानंदम की कुल संपत्ति से कम है। 1000 से ज्यादा फिल्मों में काम करने की वजह से ब्रह्मानंदम का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। वह हिंदी फिल्म सूर्यवंशम (1999) में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर और कादर खान की फिल्म में एक छोटा सा रोल किया था, जिसे खूब पसंद किया गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो ब्रह्मानंदम हाल ही में रिलीज हुई प्रभास अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में काम किया था। बता दें कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में जब भी कॉमेडियन्स की बात होती है, तो दिमाग में कुछ चुनिंदा नाम आते हैं, जिसमें कपिल शर्मा और जॉनी लीवर शामिल हैं।

